भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-122**

उत्तर देने की तारीख-22/07/2024

**आन्ध्र प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र और राजस्थान में नए केन्द्रीय विद्यालय**

†122. **श्री प्रदीप पुरोहितः**

**श्री लुम्बा रामः**

**श्री पुट्टा महेश कुमारः**

**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान विशेष रूप से आन्ध्र प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान के सिरोही जिले में खोले गए/खोले जाने वाले नए केन्द्रीय विद्यालयों का राज्य-वार, विशेष रूप से राजस्थान के सिरोही जिले का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए प्राप्त प्रस्तावों का राज्य-वार, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश के संबंध में और राजस्थान के सिरोही, महाराष्ट्र के रायगढ़ के संबंध में जिला-वार और स्थान-वार प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) सरकार द्वारा नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना के लिए चिह्नित किए गए कस्बों/शहरों का विशेषकर आंध्र प्रदेश के एलुरू और नुजीद सहित जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) राजस्थान में प्रस्तावित के.वी. की स्थिति क्या है और इसके पूरा किए जाने की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जयंत चौधरी)**

(क) : केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त सूचना के अनुसार, पिछले पांच वर्षों (अर्थात् 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 और मौजूदा वर्ष 2024-25) के दौरान पूरे देश में सिविल/रक्षा/उच्च शिक्षण संस्थान/परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत 60 नए केन्द्रीय

विद्यालय (केवि) खोले गए हैं, जिनमें से आंध्र प्रदेश में 03, ओड़िशा में 07 और राजस्थान में 02 केन्द्रीय विद्यालय खोले गए हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा संलग्न है।

(ख नए :(ङ) से (केन्द्रीय विद्यालय खोलना एक सतत प्रक्रिया है। (केवि)केन्द्रीय विद्यालय पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से रक्षा और अर्धसैन्य - कर्मियों, केन्द्रीय स्वायत्त निकायों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और (पीएसयू)केन्द्रीय उच्च शिक्षा संस्थान सहित केंद्र सरकार के स् (आईएचएल)थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों (यूटी) संघ राज्य क्षेत्रों/राज्य सरकारों/ प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता होती है।

केविसं और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को देश भर में नए केवि खोलने के लिए विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणोंजन प्रत/िनिधियों से लगातार प्रस्तावअनुरोध प्राप्त होते रहते हैं। नए / केवि खोलने के लिए केवल प्रस्ताव प्राप्त करना ही पूर्वापेक्षा नहीं है। नए केवि खोलने के लिए कार्रवाई की / प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों की विभिन्न स्तरों पर जांच की जाती है जाती है और वे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन होते हैं। इसके अलावा, नए केवि की स्थापना और निर्माण के लिए केवल भारत सरकार से आवश्यक अनुमोदनसंस्वीकृति प्राप्त / संस्वीकृत की जाती हैं।/होने पर ही निधियाँ आवंटित

*****

**अनुलग्नक**

**माननीय संसद सदस्यों श्री प्रदीप पुरोहित, श्री लुम्बा राम, श्री पुट्टा महेश कुमार, श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे द्वारा 'आन्ध्र प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र और राजस्थान में नए केन्द्रीय विद्यालय' के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 122 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**पिछले पांच वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान खोले गए केन्द्रीय विद्यालयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा**

| वर्ष | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | क्रमांक | केवि का नाम |
|---|---|---|---|
| 2019-20 | उत्तर प्रदेश | 1. | भदोही, जिला भदोही |
| | | 2. | मिर्जापुर, जिला मिर्जापुर |
| | | 3. | कौहार, गौरीगंज, जिला. अमेठी |
| | | 4. | अयेर, जिला वाराणसी |
| | | 5. | रेलवे ईदगाह, जिला आगरा |
| | | 6. | 39वीं बटालियन एसएसबी गदनिया पलिया कलां जिला-लखीमपुर खीरी |
| | | 7. | 59वीं बटालियन. एसएसबी नानपारा, जिला. बेहराइच |
| | उत्तराखंड | 8. | खटीमा , जिला. उधम सिंह नगर |
| | छत्तीसगढ़ | 9. | जीसी सीआरपीएफ बिलासपुर, जिला बिलासपुर |
| | | 10. | कोंडागांव, जिला कोंडागांव |
| | जम्मू और कश्मीर | 11. | जोधपुर, जिला डोडा |
| | दिल्ली | 12. | डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय, प्रेसिडेंट इस्टेट, नई दिल्ली |
| | ओडिशा | 13. | गुनुपुर, जिला रायगढ़ |
| | | 14. | आनंदपुर, जिला क्योंझर |
| | असम | 15. | 210 कोबरा, सीआरपीएफ बीएन दलगांव |
| | | 16. | एन.एफ.रेलवे रंगपाड़ा, जिला सोनितपुर |
| | हरियाणा | 17. | जीसी, सीआरपीएफ, सोनीपत |
| | | 18. | सीआरपीएफ कादरपुर, गुड़गांव |
| | आंध्र प्रदेश | 19. | कंदुकुर टाउन, जिला प्रकाशम |
| | | 20. | इरलापाडु गांव, नाडेंडला, जिला गुंटूर |
| | मध्य प्रदेश | 21. | अनूपपुर, जिला अनूपपुर |
| | | 22. | शामगढ़, जिला मंदसौर |
| | | 23. | आगर-मालवा, जिला आगर-मालवा |
| | | 24. | अलीराजपुर, जिला अलीराजपुर |
| | | 25. | सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर एबी रोड, नयागांव, ग्वालियर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अरुणाचल प्रदेश | 26. | दापोरिजो, जिला- ऊपरी सुबांसरी |
| | | 27. | नामसाई जिला नामसाई |
| | झारखंड | 28. | कोडरमा, जिला कोडरमा |
| | | 29. | सराय केलाखरसावां, जिला- सराईकेला |
| | राजस्थान | 30. | रेलवे कॉलोनी बांदीकुई, जिला. दौसा |
| | | 31. | प्रतापगढ़, जिला- प्रतापगढ़ |
| | तमिलनाडु | 32. | उदुमलपेट, जिला- तिरुप्पुर |
| | पश्चिम बंगाल | 33. | एनएफआर न्यू जलपाईगुड़ी, जिला जलपाईगुड़ी |
| | | 34. | जीसी सीआरपीएफ सिलीगुडी जिला दार्जिलिंग |
| | कर्नाटक | 35. | रेलवे यशवन्तपुर, जिला. बेंगलुरु |
| | बिहार | 36. | आईआईटी पटना (बिहटा), जिला पटना |
| 2020-21 | झारखंड | 37. | एसईआर डांगोआपोसी, जिला पश्चिमी सिंहभूम |
| | | 38. | पलामू, जिला पलामू |
| | उत्तराखंड | 39. | 5वीं बटालियन एसएसबी चम्पावत, जिला चम्पावत |
| | उत्तर प्रदेश | 40. | मधुपुरी, जिला फतेहपुर |
| | | 41. | सुमेरपुर, जिला हमीरपुर |
| | तमिलनाडु | 42. | आईटीबीपी, इदियापट्टी, जिला-मदुरै |
| | | 43. | आईटीबीपी इल्लुप्पाईकुडी शिवगंगई, जिला शिवगंगई |
| | मध्य प्रदेश | 44. | आईआईटी इंदौर |
| | अरुणाचल प्रदेश | 45. | केवी हयुलियांग जिला अंजॉ |
| | ओडिशा | 46. | छतरपुर, जिला गंजम |
| 2021-22 | कर्नाटक | 47. | सदलगाह, जिला, बेलगावी |
| | पंजाब | 48. | आईआईटी रोपड़, जिला रूपनगर |
| | हरियाणा | 49. | बिलासपुर, जिला यमुनानगर |
| 2022-23 | त्रिपुरा | 50. | बीएसएफ गोकुलनगर , जिला- सिपाहीजाला |
| | ओडिशा | 51. | एमसीएल सुभद्रा क्षेत्र जिला- अंगुल |
| | ओडिशा | 52. | एमसीएल जगन्नाथ क्षेत्र जिला- अंगुल |
| | ओडिशा | 53. | आईआईटी भुवनेश्वर , जिला- खोरधा |
| | हिमाचल प्रदेश | 54. | धरमपुर जिला मंडी |
| 2023-24 | गुजरात | 55. | दीन दयाल बंदरगाह प्राधिकरण गांधी धाम, गुजरात |
| | अरुणाचल प्रदेश | 56. | एनआईटी अरुणाचल प्रदेश, जोटे जिला पापुम पारे |
| | पंजाब | 57. | पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय, घुद्दा, जिला भटिंडा |
| 2024-25 | आंध्र प्रदेश | 58. | आईआईटी तिरुपति |
| | बिहार | 59. | 205 कोबरा बीएन सीआरपीएफ बाराचट्टी, गया |
| | ओडिशा | 60. | एनआईटी राउरकेला |

*****